RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन
के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बरः- +917357161599

संचार जगत
दैनिक समाचार पत्र
sancharjagat.com
editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्षः 13 | अंकः 270 जयपुर, शुक्रवार, 30 अक्टूबर , 2026 मूल्यः 2.00 रूपए पृष्ठः 4

▶ लापरवाही से नुकसान होने पर पीड़ितों को मिले मुआवजा

डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी के मामलों में बैंकों की जवाबदेही तय करेगा सुप्रीम कोर्ट

संदिग्ध लेन-देन रोकने और आरबीआई केवाईसी नियमों की समीक्षा पर भी दिया जोर

नई दिल्ली/संचार जगत



सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल गिरफ्तारी और साइबर ठगी के मामलों में बैंकों की जवाबदेही तय करने पर जोर दिया है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि यदि बैंक या वित्तीय संस्थान की उचित सावधानी नहीं बरतने के कारण किसी ग्राहक के साथ ठगी होती है, तो पीड़ित को हुए नुकसान की भरपाई के लिए संबंधित संस्थान को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

अदालत ने कहा कि बैंकों को संभावित साइबर अपराधों से ग्राहकों की सुरक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था करनी होगी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने सवाल किया कि सेवानिवृत्त व्यक्ति के खाते से असामान्य रूप से बड़ी रकम निकलने पर बैंक समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं कर सके। अदालत ने कहा कि ठगी होने के बाद रिपोर्ट तैयार करने के बजाय ऐसी घटनाओं को रोकने पर ध्यान देना जरूरी है।

सुनवाई के दौरान पीठ ने पूछा कि जब बैंकों के पास खाताधारकों के पुराने लेन-देन का रिकॉर्ड उपलब्ध है, तो वे असामान्य गतिविधियों की पहचान कर संदिग्ध लेन-देन को अस्थायी रूप से क्यों नहीं रोक सकते। अदालत ने यह भी सवाल किया कि ऐसे मामलों में संबंधित पुलिस थाने को सूचना देकर रकम हस्तांतरित करने से पहले लेन-देन की पुष्टि क्यों नहीं की जा सकती। केंद्र सरकार की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने बताया कि बैंक पहले की तुलना में संदिग्ध लेन-देन की पहचान करने में बेहतर हुए हैं। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र भी चौबीसों घंटे काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ नियमों को आगे बढ़ाने के लिए बैठकें हुई हैं और संबंधित नियामकीय उपायों पर काम चल रहा है।

800 करोड़ रुपये की ठगी पर जताई चिंता

सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल ने बताया कि पिछले साल की तुलना में डिजिटल गिरफ्तारी के मामलों में कमी आई है। उन्होंने इसका श्रेय अदालत के हस्तक्षेप, सरकारी विभागों के समन्वय और जन-जागरूकता अभियानों को दिया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि इसके बावजूद चालू वर्ष में ऐसे अपराधों से करीब 800 करोड़ रुपये का नुकसान होने की बात सामने आई है। अदालत ने बैंकों की जवाबदेही के साथ-साथ म्यूल खातों की समस्या पर भी ध्यान देने की जरूरत बताई। इन खातों का इस्तेमाल साइबर अपराध से हासिल रकम प्राप्त करने और उसे दूसरे खातों में भेजने के लिए किया जाता है। मामले में न्याय मित्र की भूमिका निभा रहीं वरिष्ठ अधिवक्ता एनएस नप्पिनाई ने बताया कि जागरूकता अभियानों के बावजूद डिजिटल गिरफ्तारी के नाम पर ठगी जारी है। उन्होंने हाल की एक घटना का उल्लेख किया, जिसमें एक महिला को 2.5 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। प्रधान न्यायाधीश ने इस बात पर भी हैरानी जताई कि लगातार खबरें आने और जागरूकता अभियान चलने के बावजूद लोग फोन या वीडियो कॉल के जरिए गिरफ्तारी के दावों पर भरोसा कर लेते हैं। अदालत ने संकेत दिया कि साइबर ठगी से निपटने के लिए केवल जागरूकता पर्याप्त नहीं है, बल्कि बैंकों और संबंधित संस्थानों की जवाबदेही तथा समय रहते कार्रवाई की व्यवस्था भी जरूरी है।

पीड़ितों के नुकसान की भरपाई का प्रावधान

पीठ ने कहा कि वह ऐसे निर्देश देने पर विचार कर रही है, जिनके तहत बैंक या वित्तीय संस्थान की लापरवाही साबित होने पर साइबर ठगी के पीड़ितों को मुआवजा देना अनिवार्य हो। अदालत ने प्रस्तावित व्यवस्था में पीड़ितों के नुकसान की भरपाई का प्रावधान शामिल करने पर जोर दिया। अटॉर्नी जनरल ने कहा कि बैंकों की जवाबदेही और संबंधित नियामकीय प्रावधानों पर आरबीआई को विचार करना होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी बैंक कर्मचारी की संलिप्तता या लापरवाही सामने आने पर कार्रवाई की जाती है। हालांकि, उन्होंने सभी बैंक कर्मचारियों को ठगी में शामिल मानने से इनकार किया। पीठ ने आरबीआई के प्रस्तावित अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) संशोधन निर्देश, 2026 की समीक्षा करने की बात कही। सुनवाई के दौरान बताया गया कि इन निर्देशों को 30 नवंबर तक अधिसूचित करने और 31 दिसंबर तक लागू करने की उम्मीद है। अदालत ने नियामकीय व्यवस्था में रोकथाम के उपायों को प्रभावी बनाने की जरूरत भी बताई।

अर्नब का कहर... आंध्र में 26 लाख एकड़ धान की फसल हो गई बर्बाद

ओडिशा में बाढ़ से 300 गांव प्रभावित, नौ ट्रेनें हुई रद्द, 14 के मार्ग बदले
आंध्र में मृतकों की संख्या 6 हुई, 6,000 से ज्यादा बिजली के खंभे गिरे

नई दिल्ली/संचार जगत



चक्रवाती तूफान अर्नब के असर से आंध्र प्रदेश और ओडिशा में भारी बारिश, बाढ़ और तेज हवाओं ने व्यापक नुकसान पहुंचाया है। आंध्र प्रदेश में खरीफ सीजन की करीब 26 लाख एकड़ धान की फसल चक्रवात प्रभावित क्षेत्र में है। वहीं, ओडिशा के गंजाम जिले में बाढ़ के कारण करीब 300 गांव प्रभावित हुए हैं। बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने के लिए राज्य सरकार हवाई मदद लेने की तैयारी कर रही है। चक्रवात से जुड़ी घटनाओं में आंध्र प्रदेश में छह लोगों की मौत हो चुकी है।

आंध्र प्रदेश के अधिकारियों के अनुसार, राज्य में इस खरीफ सीजन में धान की खेती का कुल रकबा 37.53 लाख एकड़ है। कोनसीमा जिले में धान और केले की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। बड़ी संख्या में नारियल के पेड़ और बिजली के खंभे गिरने के साथ कई घर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को बताया कि कोनसीमा जिले में करीब 6,000 बिजली के खंभे गिर गए हैं। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू गुरुवार को सबसे प्रभावित इलाकों का दौरा कर फसलों के नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को राहत कार्य तेज करने, बिजली आपूर्ति बहाल करने और प्रभावित लोगों को मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं। ओडिशा के गंजाम जिले में पिछले तीन दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण रुशिकुल्या नदी उफान पर है। (शेष पृष्ठ 8 पर)

मप्र में हुई बारिश तापमान में गिरावट

चक्रवात के प्रभाव से मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश हुई है और तापमान में गिरावट आई है। राज्य के पूर्वी हिस्से के नौ जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की आशंका जताई गई है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। भोपाल में भी गुरुवार को रुक-रुककर हल्की बारिश हुई।

शाह ने हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

आंध्र प्रदेश सरकार ने चक्रवात से प्रभावित लोगों के लिए राहत उपायों की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपये मुआवजा देने और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को 25 किलो चावल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। हथकरघा कामगारों और मछुआरों को 50 किलो चावल, प्याज, खाद्य तेल और दाल देने के साथ राहत शिविरों में रह रहे लोगों को 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों से बात कर हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ और राज्य आपदा मोचन बल की टीमें राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हैं। नुकसान का आकलन करने और आगे की सहायता के लिए केंद्रीय टीमें भी भेजी जाएंगी।

राउत ने सीजेआई से बिना शर्त माफी मांगी

मुंबई। शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत ने अवमानना के मामले में सुप्रीम कोर्ट और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया से अवमानना मामले में माफी मांग ली है। संजय राउत ने कहा है कि वे सीजेआई और सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगते है। राउत ने कहा वे स्वेच्छा से, बिना किसी दबाव या शर्त के माफी मांग रहे है।



गुजरात को आज 14 हजार करोड़ की सौगात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को गुजरात के 2 दिनी दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वे 14,000 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे।'पीएम-किसान' योजना के तहत 19,000 करोड़ की 24वीं किस्त जारी करेंगे और दो ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे।



गोहत्या के मामले में 3 लोगों को उम्रकैद


गांधीनगर। गुजरात के गांधीनगर जिले की एक अदालत ने 3आरोपियों को गोहत्या और 277 किलो गोमांस रखने का दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत ने फैसले में गाय के धार्मिक महत्व को रेखांकित करने हुए हिंदू धर्मग्रंथों का हवाला दिया। उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने इस फैसले का स्वागत किया है।



नैफेड ने नए क्षेत्र में कदम रखा

शुद्ध गुणवत्तायुक्त खाद्य उत्पाद उपलब्ध कराएगा, 3 प्लांट लगेंगे

नई दिल्ली/संचार जगत



देश के किसानों की संस्था और सहकारी संगठन नैफेड अपने राजस्व को बढ़ाने और उपभोक्ताओं को शुद्ध गुणवत्ता वाले खाद्य उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए लगातार नए क्षेत्रों में कदम रख रहा है। दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में नए प्लांट लगाने की बड़ी तैयारी शुरू कर दी है। नैफेड की बोर्ड बैठक में इन सभी परियोजनाओं को मंजूरी मिल चुकी है और दिल्ली में लगने वाले दाल प्लांट के लिए टेंडर भी जारी कर दिए गए हैं। इस प्लांट के शुरू होने से नैफेड का बाहरी खर्च और लागत बचेगी। दालों की गुणवत्ता और आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। इसे सहकारिता की मदद से संचालित करने की योजना है। दिल्ली के नजफगढ़ के उजवा क्षेत्र में 14 करोड़ से एक आधुनिक दाल प्लांट लगाया जा रहा है।

राजकोट एयरपोर्ट के पास लगी आग

एयर इंडिया की फ्लाइट वडोदरा डायवर्ट, 100 यात्रियों ने ली सांस

नई दिल्ली/संचार जगत




राजकोट के हीरासर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पक्षियों को भगाने पटाखे फोड़ने के दौरान रनवे के पास सूखी घास में अचानक आग भड़क उठी। इससे चारों तरफ धुएं का गुबार छा गया और रनवे पर दृश्यता काफी घट गई, जिससे विमानों की लैंडिंग की सुरक्षा खतरे में पड़ गई। दिल्ली से राजकोट आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट को वडोदरा डायवर्ट कर सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। फ्लाइट सुबह 10:25 बजे राजकोट पहुंचने वाली थी। रनवे पर भारी धुआं होने से लैंडिंग की अनुमति नहीं दी गई। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पायलट को विमान को हवा में ही 4 चक्कर लगाने पड़े। विमान में सवार 100 यात्रियों ने राहत की सांस ली।

'सहकार से समृद्धि': शाह की अध्यक्षता में सहकारी विकास निगम की बैठक

सहकारी आंदोलन को दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचाया सुदृढ़ीकरण व वित्तपोषण के विस्तार पर की चर्चा

वित्तीय एवं संस्थागत उपलब्धियों, सहकारी विकास पर की बात

नई दिल्ली/संचार जगत



प्रधानमंत्री के 'सहकार से समृद्धि' के विजन को साकार करने तथा देश में सहकारिता आधारित सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी विकास को गति देने की दिशा में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगमकी महापरिषद की 93वीं बैठक आज नई दिल्ली स्थित निगम के मुख्यालय में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय एवं संस्थागत उपलब्धियों, सहकारी क्षेत्र में वित्तपोषण के विस्तार, नई बहुराज्यीय सहकारी संस्थाओं के विकास, ग्रामीण आजीविका के सुदृढ़ीकरण तथा निगम की भावी कार्ययोजना से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

कार्यों और उपलब्धियों की सराहना की

शाह ने कहा कि 5 वर्षों में निगम ने अत्यंत सराहनीय कार्य किया है। निगम ने न केवल वित्तीय प्रदर्शन और निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में उल्लेखनीय प्रगति की है, बल्कि प्रति कर्मचारी लाभ में वृद्धि, ऋण स्वीकृतियों एवं संवितरण में विस्तार और नेट एनपीए को शून्य बनाए रखने जैसी अहम उपलब्धियां भी हासिल की हैं।

भाजपा ने 19 जिलों के युवा मोर्चा अध्यक्ष घोषित किए

भोपाल, रासं। भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष श्याम टेलर ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से 19 जिलों के युवा मोर्चा अध्यक्षों के नामों का ऐलान कर दिया है। कुछ जिलों में अध्यक्ष के साथ एक महामंत्री का नाम भी घोषित किया गया है। गुरुवार को जारी सूची इस प्रकार है।

जिला	जिला अध्यक्ष	जिला महामंत्री
जबलपुर नगर	रविंद्र तिवारी	श्रीकांत वर्मा
भिंड	अभिषेक मिश्रा	शिवांकर भदौरिया
श्योपुर	ईश्वर जाट	अभिषेक जांगिड़
सागर	जसवंत राठौर	------
निवाड़ी	संदेश नायक	निरेंद्र दांगी
मैहर	दिलीप पटेल	प्रिंस शर्मा
उमरिया	आशुतोष तिवारी	-----
डिंडोरी	सत्यम मानिकपुरी	-----
मंडला	उत्कर्ष यादव	-----
बालाघाट	अमन गांधी	प्रबल जायस
इंदौर ग्रामीण	अजय पवार	विजेंद्र जाट
धार नगर	तरुण सिसौदिया	रोहित रघुवंशी
नीमच	रवि पाटीदार	-----
सिवनी	योगेश शिवहरे	अंकित ठाकुर
छिंदवाड़ा	कुबेर सूर्यवंशी	बिट्टू विवेक मंडरा
नर्मदापुरम	कुलदीप रघुवंशी	रूपेंद्र साहू
रायसेन	प्रतीक द्विवेदी	राजेंद्र मीणा
अनूपपुर	अटल ब्यौहार	आशुतोष तिवारी
मंदसौर	मनोहर चौहान	अनिल पाटीदार

सुप्रीम कोर्ट का सवाल

ई100 वाहनों के लिए ईंधन की आपूर्ति कैसे होगी?

केंद्र सरकार ने कहा, आपूर्ति के लिए विनिर्माण व्यवस्था में बड़े बदलाव जरूरी

नई दिल्ली/संचार जगत



सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा है कि 100 प्रतिशत एथेनॉल (ई100) से चलने वाले वाहनों को अनुमति मिलने के बाद उनके लिए पर्याप्त ईंधन की आपूर्ति कैसे सुनिश्चित की जाएगी। एथेनॉल आवंटन से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने यह सवाल किया।

अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि इसके लिए विनिर्माण व्यवस्था में बड़े पैमाने पर बदलाव करने होंगे। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई अगले महीने तय की है। पीठ ने हालिया मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए पूछा कि यदि ई100 से चलने वाले वाहनों को अनुमति दी गई है, तो उनकी ईंधन संबंधी जरूरतें कैसे पूरी की जाएंगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 26 अक्टूबर को केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में संशोधन की अधिसूचना जारी की थी। इसके तहत फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के लिए ई100 को भी शामिल किया गया है। ई100 लगभग शुद्ध एथेनॉल वाला ईंधन है।

महाराष्ट्र की सियासत में दिखा दिलचस्प नजारा



मुंबई, आरएनएन। महाराष्ट्र की राजनीति में गुरुवार को एक दिलचस्प नजारा देखने को मिला। सीएम देवेंद्र फडणवीस, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और मनसे प्रमुख राज ठाकरे एक किताब के विमोचन कार्यक्रम में एक साथ मंच पर नजर आए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम फडणवीस ने कहा, मुझे नहीं पता कि कुछ लोग हमें एक मंच पर देखकर हैरान क्यों हुए। हम हैरान नहीं हैं। यह महाराष्ट्र की राजनीतिक परंपरा है। अलग-अलग पार्टियों के नेता एक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं, साथ हंस सकते हैं और चाय भी पी सकते हैं।

मंच पर सीएम फडणवीस के साथ दिखे उद्धव और राज ठाकरे

उन्होंने उद्धव ठाकरे का जिक्र करते हुए कहा, 2019 तक जब भी उद्धव जी मुझे बुलाते थे, मैं जाता था। 2019 के बाद उन्होंने फोन नहीं किया। मैं इंतजार कर रहा था। इस दौरान राज ठाकरे ने कहा कि लोग सोच रहे होंगे कि तीनों नेता आज एक मंच पर कैसे आ गए। कुछ मंच ऐसे होते हैं, जहां सभी लोग राजनीति को अलग रखकर एक साथ आते हैं। ऐसे कार्यक्रमों में राजनीति के बजाय कला और संस्कृति पर चर्चा होती है।

हवाई सफर होगा महंगा

नई दिल्ली, आरएनएन। इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विली वॉल्श ने गुरुवार को साफ कहा कि एयरलाइन के पास किराया बढ़ाने के अलावा कोई और रास्ता नहीं है। उनकी बात का मतलब था कि फ्यूल की कीमत इतनी तेजी से बढ़ी है कि कंपनी सिर्फ खर्च काटने या दूसरे तरीकों से इस बोझ को नहीं संभाल पा रही। सितंबर तिमाही में इंडिगो को 1879 करोड़ रुपए का नेट लॉस हुआ है।

दरअसल, कंपनी का फ्यूल बिल पिछले साल के मुकाबले 67.2 प्रतिशत बढ़कर करीब 9967 करोड़ रुपए हो गया है। इतनी बड़ी बढ़ोतरी को किराए बढ़ाकर और दूसरे कदमों से कंपनी सिर्फ 60 प्रतिशत ही पूरा कर पाई। यानी बाकी 40 प्रतिशत खर्च कंपनी को खुद उठाना पड़ा, जिससे नुकसान बढ़ा। इंडिगो का ऑपरेशन से रेवेन्यू साल-दर-साल 25.9 प्रतिशत बढ़कर 23,364 रुपए करोड़ हो गया।

वित्त मंत्रालय का आउटलुक: महंगाई बनी चुनौती, लेकिन दूसरी तिमाही में 7.35 'ग्रोथ का अनुमान

नई दिल्ली/संचार जगत

वित्त मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.35% रहने का अनुमान लगाया है। हालांकि, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और अल-नीनो के कारण महंगाई बढ़ने की चुनौती भी जताई गई है, जिस पर नीति निर्धारकों को ध्यान देना होगा। राजीव कुमार, नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय का कहना है कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमत और अल-नीनो असर के कारण महंगाई बढ़ सकती है।

वर्तमान हालात में वैश्विक स्तर पर महंगाई बढ़ रही है और घरेलू स्तर पर भी नीति निर्धारकों को वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी छमाही में मूल्य स्थिरता पर फोकस करने की जरूरत है। इन सबके बावजूद भारत की घरेलू मांग मजबूत दिख रही है और औद्योगिक उत्पादन एवं निर्यात का प्रदर्शन बेहतर दिख रहा है। भारत की वित्तीय स्थिति मजबूत बनी हुई है और निवेश की गति भी कायम है।

वित्त मंत्रालय ने कितना लगाया GDP ग्रोथ का अनुमान

ऐसे में वित्त मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में जीडीपी विकास दर 7.35 प्रतिशत (India GDP Growth Rate) रहने का अनुमान लगाया है। पहली तिमाही में जीडीपी विकास दर 7.8 प्रतिशत थी।विश्व बैंक से लेकर आईएमएफ जैसी सभी वैश्विक एजेंसियों ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की विकास दर के अनुमान को बढ़ाते हुए सात प्रतिशत या उससे अधिक कर दिया है। गुरुवार को जारी वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कच्चे तेल के बढ़ते दाम और खरीफ फसल को लेकर अनिश्चितता के बीच आर्थिक गतिविधियों की गति को कायम रखना चुनौती भरा है और नीति निर्धारकों को इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

सितंबर में कितनी रही महंगाई दर : सितंबर में खुदरा महंगाई दर 5.54 प्रतिशत पर पहुंच गई है और खाद्य महंगाई दर सात प्रतिशत को पार कर गई है। दुनिया के अन्य सेंट्रल बैंकों की तरह भारतीय रिजर्व बैंक ने भी महंगाई पर काबू के लिए रेपो रेट में 25 आधार अंक की बढ़ोतरी कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका से लेकर यूरोप और चीन जैसे सभी देश महंगाई की मार झेल रहे हैं। अमेरिका की महंगाई दर इस साल जनवरी में 2.4 प्रतिशत थी जो सितंबर में बढ़कर 3.7 प्रतिशत हो गई। यूरोप में महंगाई दर पिछले छह माह में 1.7 प्रतिशत से बढ़कर 3.8 प्रतिशत हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर ज्यादा चिंता का विषय है क्योंकि इससे मांग प्रभावित होती है।

मतदान केन्द्र के लिए बनाए गए विद्यालयों में 5 दिन रहेगा अवकाश

टोंक। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 के तहत टोंक जिले में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य तथा पंच सरपंच पदों के निर्धारित मतदान तिथियों पर संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित विद्यालय जहां पर मतदान केन्द्र बनाए गए है में अवकाश रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी टीना डाबी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार टोंक जिले में दो चरणों में मतदान की तिथियां निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि तृतीय चरण में 2 से 6 नवम्बर तक तथा चतुर्थ चरण (पंचायत समिति टोंक, निवाई, टोडारायसिंह एवं मालपुरा आंशिक) में 13 से 17 नवम्बर तक उन विद्यालयों में जहां पर मतदान केन्द्र बनाए गए है में अवकाश रहेगा।

शांति एवं सद्भावना समिति की बैठक आज

टोंक। जिला मजिस्ट्रेट टीना डाबी की अध्यक्षता में शुक्रवार, 30 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में शांति एवं सद्भावना समिति की बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक में आगामी त्यौहारों पर कानून व शांति व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में चर्चा होगी।

करवा चौथ पर चौथ माता मंदिर में उमड़ा सुहागिनों का सैलाब: चांद को अर्घ्य देकर खोला व्रत

शाम को चंद्रोदय के बाद रात 8.36 बजे से महिलाओं ने चंद्रमा के दर्शन कर अर्घ्य दिया

टोड़ारायसिंह। कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र में शुक्रवार को सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर करवा चौथ का व्रत रखा। महिलाओं ने दिनभर निर्जल और निराहार रहकर व्रत की परंपरा निभाई। शाम को चंद्रोदय के बाद रात 8.36 बजे से महिलाओं ने चंद्रमा के दर्शन कर अर्घ्य दिया और पति के हाथों से पहला निवाला लेकर व्रत खोला। करवा चौथ के अवसर पर कस्बे के कटला प्रांगण स्थित चौथ माता मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु महिलाओं की भीड़ उमड़ने लगी। कस्बे सहित आसपास के गांवों से महिलाएं रंग-बिरंगे परिधान पहनकर और चुनरी ओढ़कर पूजा की थाली लेकर चौथ माता के दर्शन करने पहुंचीं। मंदिर में दर्शन-पूजन का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा।



चौथ माता की कथा सुनकर लिया अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद : मंदिर परिसर में सुहागिन महिलाओं ने बुजुर्ग महिलाओं से करवा चौथ की कथा और कहानी सुनी। इसके बाद चौथ माता की पूजा-अर्चना कर अखंड सौभाग्य की कामना की तथा बुजुर्ग महिलाओं से अखंड सौभाग्यवती रहने का आशीर्वाद प्राप्त किया। महिलाएं करवा, श्रीफल, रोली, मौली, वस्त्र, माला और प्रसाद सहित पूजा सामग्री लेकर मंदिर पहुंचीं। कई महिलाएं मंगल गीत गाते हुए चौथ माता के दर्शन करने आईं। चौथ माता मंदिर के पुजारी सीताराम शर्मा ने बताया कि सालभर में आने वाली चार चौथ को विशेष रूप से बड़ी और मंगलकारी माना जाता है। महिलाएं इन चौथ पर श्रद्धा के साथ व्रत रखकर पूजा-अर्चना करती हैं।

मोर सहित आसपास के गांवों से पहुंचीं महिलाएं

उपखंड के मोर कस्बे सहित कूकड़, लक्ष्मीपुरा धाकड़ान, दाबड़दूंबा, मुंडिया कलां, भांवता, कुहाड़ा बुजुर्ग, खेड़ुल्या कलां, पंवालिया, मांडोलाई और दतोब सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाएं टोड़ारायसिंह के चौथ माता मंदिर पहुंचीं।

करवा चौथ के चलते मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक माहौल बना रहा। वहीं, महिलाओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। बाजार और मंदिर परिसर में व्यवस्था बनाए रखने तथा मनचलों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस सतर्क रही।

बांग्लादेश: पूर्व वायु सेना अधिकारी की मौत पर जमात ने उठाए सवाल

जमात-ए-इस्लामी के महासचिव ने की निष्पक्ष जांच की मांग

नई दिल्ली/संचार जगत

ढाका में बुधवार को तुराग नदी से बांग्लादेश वायु सेना के एक पूर्व अधिकारी का शव बरामद किया गया। उनके परिवार ने एक दिन पहले ही फ्लाइट लेफ्टिनेंट के लापता होने की सूचना दी थी। इसी बीच जमात-ए-इस्लामी के महासचिव मिया गुलाम ने पूर्व वायु सेना अधिकारी तहसीफ सौरी की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग की। इसके साथ ही दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की अपील की

स्थानीय लोगों की ओर से इमरजेंसी कॉल किए जाने के बाद, फ्लाइट लेफ्टिनेंट तहसीफ सौरी का शव टोंगी बंदर घाट इलाके से बरामद किया गया। अधिकारी की पहचान उनके मोबाइल फोन और कलाई घड़ी मिलने के बाद हो सकी। कांस्टेबल रकीब ने बताया कि मौत के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। यह जानकारी पीएम रिपोर्ट आने के बाद होगी। प्रोथोम आलो के मुताबिक, सौरी अपने परिवार के साथ उत्तरा के सेक्टर 18 स्थित फ्लैट में रहते थे। अगस्त 2024 में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच, पूर्व पीएम शेख हसीना के ढाका से रवाना होने के एक वीडियो से कथित संबंध के कारण, सौरी की मौत की खबर पूरे बांग्लादेश में चर्चा का विषय बनी हुई है।



परिवार बोला, हसीना वाले वीडियो को वायरल करने पर की हत्या

मौत की पुष्टि के कुछ घंटों बाद, सौरी की चचेरी बहन मोशफेका जहां ने आरोप लगाया कि हसीना वाले वीडियो को लेकर उसे परेशान किया गया और फिर हत्या कर दी गई। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि मेरे भाई की हत्या कर दी गई। उसका क्या कसूर था? क्या बस यही कि उसने हसीना के भागने का वीडियो शेयर कर दिया? उसने खुद तो वीडियो रिकॉर्ड भी नहीं किया था, उसने तो बस एक नागरिक के तौर पर इसे शेयर किया था। इसे तो उसके एक साथी अधिकारी ने रिकॉर्ड किया था। बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के महासचिव मिया गुलाम पोरवार ने कहा कि बांग्लादेश वायु सेना के पूर्व फ्लाइट लेफ्टिनेंट तहसीफ सौरी का शव तुराग नदी से मिलने पर गहरी चिंता व्यक्त की।

शेख हसीना के तख्तापलट की प्लानिंग में था विदेशी पत्रकार का हाथ

बांग्लादेश की अपदस्थ पीएम शेख हसीना की सरकार को गिराने के लिए चलाए गए अभियान को लेकर नया खुलासा हुआ है। आरक्षण विरोधी अभियान से शुरू हुए छात्र आंदोलन ने शेख हसीना को सत्ता से हटाने का प्लान काफी पहले ही बना लिया था। तख्तापलट के दो दिन पहले ही नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस और आंदोलनकारी छात्रों के बीच बातचीत हुई। यहीं पर पूरे तख्तापलट और आगे की स्थिति के बारे में योजना बनाई गई। इस पूरी प्लानिंग में एक विदेशी पत्रकार ने अहम भूमिका निभाई थी। इस आंदोलन के समय ढाका में एएफपी के ब्यूरो प्रमुख और बाद में यूनुस सरकार में प्रेस सचिव बने शफीकुल आलम ने पूरे घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी।

कलेक्टर कार्यालय का अधिकारी बनकर दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से साइबर ठगी

एक मामले में 5 हजार तो दूसरे में 80 हजार रुपए की ठगी

रानोली। जिला कलेक्टर कार्यालय का अधिकारी बनकर साइबर ठगों ने रानोली क्षेत्र की दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निशाना बनाते हुए 85 हजार रुपए की ठगी कर ली। ठगों ने पहले आंगनबाड़ी सुपरवाइजर को फोन कर चार कार्यकर्ताओं के मोबाइल नंबर लिए। इसके बाद सरकारी काम के नाम पर भरोसे में लेकर मोबाइल पर स्कैनर भेजा और रुपए ट्रांसफर करवा लिए। आंगनबाड़ी सुपरवाइजर शिवलता खटाणा ने बताया कि उनके पास एक अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को टोंक जिला कलेक्टर कार्यालय से अशोक कुमार बताया। विश्वास जीतने के लिए उसने एआई की मदद से रानोली के पूर्व ग्राम विकास अधिकारी अंबालाल गुर्जर की आवाज में भी बातचीत करवाई। भरोसा होने पर सुपरवाइजर ने चार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के नंबर भेज दिए। इसके बाद ठग ने कार्यकर्ता रामादेवी से संपर्क कर आंगनबाड़ी केंद्र पर फर्नीचर भिजवाने की बात कही।

आंगनबाड़ी केंद्र की मरम्मत के नाम पर 80 हजार ठगे

ठगी का दूसरा मामला सोहेला की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संतोष वर्मा से जुड़ा है। उनके पास भी टोंक जिला कार्यालय के नाम से फोन आया। ठग ने आंगनबाड़ी केंद्र की मरम्मत के नाम पर रुपए भेजने की बात कही। संतोष के पास फोन-पे की सुविधा नहीं होने पर उन्होंने आशा सहयोगिनी अनिला जैन के घर जाकर फोन पर बात करवाई। अनिला जैन ने बताया कि वह दोनों पैरों से दिव्यांग हैं। उन्होंने संतोष को अनजान व्यक्ति की बातों में नहीं आने की सलाह दी। इसके बाद ठग ने फोन-पे के जरिए 10 रुपए भेजने को कहा। अनिला ने 10 रुपए भेजे तो ठग ने वापस 20 रुपए भेज दिए। इससे भरोसा होने पर उसने 24,500 रुपए ट्रांसफर करने को कहा। अनिला के अनुसार, ठग ने दबाव और डर दिखाकर उनसे कुल 80 हजार रुपए की ठगी कर ली।

आर्मेनिया में संसद में चले लात-घूंसे

स्पीकर ने लाइव टेलिकास्ट रखा चालू, छुपाना पड़ा मुंह

नई दिल्ली/संचार जगत

आर्मेनिया की संसद में उस वक्त लोकतंत्र तार-तार हो गया, जब एक बहस के दौरान हंगामा इतना बढ़ गया कि सांसद आपस में भिड़ गए। जो संसद देश के कानून बनाने के लिए जानी जाती है, वो अखाड़े में तब्दील हो गई।

संसद की सीधी कार्रवाई यानी लाइव ब्रॉडकास्ट के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसाते दिखे। एक चुनावी वादे को लेकर शुरू हुई बहस में गाली-गलौज हुई, कपड़े फाड़े गए और खून-खच्चर तक हो गया। बात यहां तक पहुंच गई कि संसद परिसर के बाहर एंबुलेंस बुलानी पड़ी। इस दौरान स्पीकर ने कुछ ऐसा किया सभी सांसदों को शर्म से मुंह छुपाना पड़ा। ये शर्मनाक घटना गुरुवार को उस समय हुई जब आर्मेनियाई संसद में ऑडिट चैंबर के एक सदस्य के चुनाव को लेकर बहस चल रही थी। सब कुछ सामान्य चल रहा था, तभी सत्ताधारी पार्टी द्यसिविल कॉन्ट्रैक्टद्य के सांसद तरोन चाखोयान पोडियम पर आए।



चाखोयान ने भाषण देते हुए विपक्षी दल के नेता नरेक करापेत्यान के एक रिश्तेदार द्वारा चुनाव से पहले दिए गए विवादित बयान का जिक्र कर दिया। वो बयान एक ऐसे चुनावी वादे के बारे में था, जिसमें विपक्ष ने सत्ता में आने पर महिलाओं की संतुष्टि के लिए एक अलग द्यमंत्रालयद्य बनाने की बात कही थी। आर्मेनियाई समाचार एजेंसी आर्मेनप्रेस के मुताबिक, चाखोयान ने विपक्षी नेता करापेत्यान को याद दिलाया कि उनके चचेरे भाई ने उस विवादित बयान के लिए अभी तक जनता से माफी नहीं मांगी है। बस इसी बात पर संसद का पारा चढ़ गया।

यूक्रेन के निप्रो रेलवे स्टेशन पर रूस ने किया ड्रोन हमला

नई दिल्ली/संचार जगत

यूक्रेन के निप्रो रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह रूस द्वारा किए गए घातक ड्रोन हमले में 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 से ज्यादा लो घायल हो गए। यह हमला स्टेशन के उस प्लेटफॉर्म पर हुआ, जहां एक ट्रेन खड़ी थी।

यूक्रेनी रेलवे ने टेलीग्राम पर बताया कि हमला अत्यधुनिक जेट पावर्ड ड्रोन के जरिए किया गया। जेट ड्रोन ने स्टेशन के उस प्लेटफॉर्म को निशाना बनाया, जहां ट्रेन नंबर 866 (निप्रो-जापोरिजिया) खड़ी थी। इलाकों में हाई अलर्ट जारी होने के बाद भी प्लेटफॉर्म पर बड़ी संख्या में यात्री मौजूद थे, जिसके चलते घायलों और मृतकों की संख्या बढ़ गई। निप्रो के मेयर बोरिस फिलाटोव ने इसे शहर के लिए बड़ी त्रासदी बताते हुए कहा कि रूसी ड्रोन ने जानबूझकर आम नागरिकों की इलेक्ट्रिक पैसेंजर ट्रेन को निशाना बनाया है। इस हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से रूस के खिलाफ कड़े कदम उठाने की अपील की।



14 की मौत, 5 घायल

सोशल साइट एक्स पर जेलेंस्की ने लिखा रूस ने तनाव कम करने के बजाय, कुछ रूसी उद्योगपतियों और ऊर्जा क्षेत्र से बैन हटाए जाने के बाद से हमारे लोगों पर कितने आतंकवादी हमले किए हैं?

दीपावली से पहले शांति समिति की बैठक में नहीं दिखी जनभागीदारी, महज औपचारिकता के आरोप

जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और मीडिया को सूचना नहीं देने पर उठे सवाल

टोड़ारायसिंह। उपखंड अधिकारी जयंत कुमार की अध्यक्षता में उपखंड कार्यालय टोड़ारायसिंह में शांति एवं सद्भावना समिति की बैठक आयोजित की गई। दीपावली जैसे प्रमुख त्योहार से पहले आयोजित इस बैठक को लेकर प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। बैठक में सीमित संख्या में ही लोग उपस्थित रहे, जबकि कई जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और मीडियाकर्मियों को इसकी सूचना तक नहीं दी गई। ऐसे में बैठक महज औपचारिकता बनकर रह गई। दीपावली के मद्देनजर आयोजित इस बैठक में कस्बे सहित उपखंड क्षेत्र में शांति, कानून व्यवस्था और आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा होनी थी। इनमें बिजली-पानी की निर्बाध आपूर्ति, यातायात व्यवस्था, घांस भैरू से जुड़े आयोजन के दौरान सुरक्षा इंतजाम, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस निगरानी तथा त्योहार के दौरान आमजन की सुविधाओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल थे।



इसके बावजूद बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों की पर्याप्त भागीदारी और व्यापक जनप्रतिनिधित्व नजर नहीं आया। बैठक की जानकारी सार्वजनिक स्तर पर साझा नहीं किए जाने से भी सवाल खड़े हुए हैं। जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों को सूचना नहीं मिलने के साथ ही मीडिया को भी बैठक से दूर रखा गया। ऐसे में यह स्पष्ट नहीं हो सका कि त्योहार के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर किन बिंदुओं पर चर्चा हुई तथा प्रशासन की ओर से क्या तैयारियां की गई हैं। हालांकि, उपखंड अधिकारी जयंत कुमार ने समिति सदस्यों से दीपावली पर्व को आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

ये रहे मौजूद

बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष संत कुमार जैन, पार्षद करुणानिधि शर्मा, तहसीलदार विनोद शर्मा, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पवन कुमार बेनीवाल, टोड़ारायसिंह एवं मोर थाना प्रभारी, पूर्व पार्षद प्रहलाद चांवला, दिनेश शर्मा और रसीद पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

त्यौहारों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

टोंक। जिले में आगामी त्योहारों के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट टीना डाबी ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज एवं गुरु नानक जयंती के अवसर पर जिले में शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न उपखंडों और तहसील क्षेत्रों में प्रशासनिक अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला मजिस्ट्रेट टीना डाबी ने बताया कि 8 नवंबर को दीपावली, 9 नवंबर को गोवर्धन पूजा, 11 नवंबर को भाई दूज तथा 24 नवंबर को गुरु नानक जयंती के त्योहार को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है। नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे।



शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकारियों की नियुक्ति : जारी आदेश के अनुसार उपखंड मजिस्ट्रेट टोंक को संपूर्ण शहरी क्षेत्र तथा तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट टोंक को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार उपखंड मजिस्ट्रेट उनियारा को संपूर्ण शहरी क्षेत्र तथा तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट उनियारा को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपखंड मजिस्ट्रेट निवाई को संपूर्ण शहरी क्षेत्र तथा तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट निवाई को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। वहीं, उपखंड मजिस्ट्रेट पीपलू को संपूर्ण शहरी क्षेत्र तथा तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट पीपलू को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है।

देवली, दूनी और नगरफोर्ट में भी व्यवस्था- आदेश के तहत उपखंड मजिस्ट्रेट देवली को संपूर्ण शहरी क्षेत्र तथा तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट देवली को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट दूनी को संपूर्ण तहसील क्षेत्र तथा तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट नगरफोर्ट को संपूर्ण क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार उपखंड मजिस्ट्रेट मालपुरा को संपूर्ण शहरी क्षेत्र तथा तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट मालपुरा को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

रणजी ट्रॉफी : तनुष की घातक गेंदबाजी, मुंबई ने हरियाणा को 10 विकेट से हराया

मुंबई के तनुष ने 81 रन देकर हरियाणा के आठ विकेट झटके

नई दिल्ली/संचार जगत

तनुष कोटियन ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 81 रन देकर आठ विकेट लिए जिससे मुंबई ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के मैच में बृहस्पतिवार को यहां हरियाणा को 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर बोनस अंक हासिल किया।

मुंबई ने इस तरह से लगातार तीसरे मैच में बोनस अंक हासिल किया। उसके सामने केवल 97 रन का लक्ष्य था। सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी (नाबाद 67) और दिव्यांश सक्सेना (नाबाद 30) ने केवल 10.4 ओवर मुंबई को लक्ष्य तक पहुंचा दिया और उसे सात अंक दिलाए। इससे पहले मुंबई ने चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश के खिलाफ भी बोनस अंक के साथ जीत हासिल की थी। मुंबई ने अपनी पहली पारी में 430 रन बनाए थे जिसके जवाब में हरियाणा 270 रन ही बना पाया था और उसे फॉलोऑन करना पड़ा था।

हरियाणा ने सुबह अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 73 रन से आगे बढ़ाई और कुल 256 रन बनाए। उसकी तरफ से निशांत सिंधु (44), सामंत जाखर (40) और अनुज ठकराल (नाबाद 40) ही धीमी पिच पर कुछ संघर्ष कर पाए।



विदर्भ ने गोवा को एक पारी और 27 रन से दी शिकस्त

नागपुर में खेले गए मैच में बायें हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे के चार विकेट की मदद से विदर्भ ने गोवा को दूसरी पारी में 195 रन पर समेटकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के आखिरी दिन बृहस्पतिवार को एक पारी और 27 रन से जीत दर्ज की। फॉलोआन खेलते हुए गोवा की टीम दुबे की गेंदबाजी का सामना नहीं कर सकी। दुबे ने 38 रन देकर चार विकेट चटकाये जिनमें मंथन खुटकर (70) का विकेट शामिल था। यह विदर्भ की लगातार तीसरी जीत है जिससे वह 18 अंक लेकर ग्रुप ए में शीर्ष पर है। इससे पहले ध्रुव शोरे के 168 रन की मदद से आठ विकेट पर 442 रन बनाकर विदर्भ ने पहली पारी घोषित करके 222 रन की बढत ली थी। दानिश मालेवार ने 56 और अक्षय वाडकर ने 63 रन बनाये थे। गोवा ने पहली पारी में 220 रन बनाये थे।

सौराष्ट्र ने असम को एक पारी और 12 रन से हराया

राजकोट में बायें हाथ के स्पिनर पार्थ भूत के आठ विकेट की मदद से सौराष्ट्र ने असम को एक पारी और 12 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। तीसरे दिन असम के सात विकेट 65 रन पर निकालने के बाद सौराष्ट्र की जीत औपचारिकता मात्र बची थी। भूत ने सात रन के भीतर छह विकेट चटकाये। भूत ने 18 ओवर में 17 रन देकर आठ विकेट लिये। असम की टीम दूसरी पारी में 94 रन पर आउट हो गई। असम के पहली पारी के 281 रन के जवाब में सौराष्ट्र ने 387 रन बनाये थे। पारी के अंतर से जीत के साथ सौराष्ट्र को एक बोनस अंक भी मिला। एक अन्य मैच में कर्नाटक ने भी त्रिपुरा को एक पारी और 116 रन से हराकर सात अंक हासिल किये।

बंगाल ने केरल को 287 रन से दी मात

मंगलापुरम (केरलम) में स्पिनर प्रदीप्ता प्रमाणिक के दस विकेट और शाहबाज अहमद के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर बंगाल ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी के मैच में बृहस्पतिवार को केरलम को 287 रन से हराया। जीत के लिये 408 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केरलम ने चार विकेट पर 53 रन से आगे खेलना शुरू किया और 38 . 4 ओवर में 120 रन पर पूरी टीम आउट हो गई। बंगाल की यह इस सत्र में लगातार तीसरी जीत है और 18 अंक लेकर वह ग्रुप सी में शीर्ष पर है। शाहबाज ने बंगाल की पहली पारी में 121 रन बनाने के साथ दोनों पारियों में दो दो विकेट लिये। बंगाल ने दो पारियों में 350 और 198 रन बनाकर केरलम को 408 रन का लक्ष्य दिया था।

खबर संक्षेप



अब पहली गेंद पर चौके छक्के लगाने की सोचता हूं : तिलक

आकलैंड। भारतीय उपकप्तान तिलक वर्मा ने कहा कि बल्लेबाजी क्रम में तीसरे से पांचवें नंबर पर खिसकने के बाद उनकी सोच में बदलाव आया है और अब वह क्रीज पर जमने पर फोकस करने की बजाय पहली ही गेंद से चौके छक्के लगाने की कोशिश करते हैं। पिछले एक साल में लक्ष्य का पीछा करने में महारत हासिल करने वाले तिलक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में नीतिश रेड्डी के साथ भारत को संकट से निकाला। भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 से आगे है। चौथे टी20 से पहले तिलक ने कहा ,'' मेरे पास पहले ही से पावर गेम था। मैने तीसरे नंबर पर भी रन बनाये हैं। अब पांचवें या छठे नंबर पर पहली ही गेंद से चौके छक्के लगाने की सोचता हूं।'' उन्होंने कहा ,''पहले मैं क्रीज पर जमने में समय लेता था और शुरूआत एक दो रन लेकर करता था।''

एमआई ने मलिंगा, म्हाम्ब्रे और होपकिंसन को हटाया

मुंबई। मुंबई इंडियंस ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि गेंदबाजी कोच लसिथ मलिंगा, पारस म्हाम्ब्रे और फील्डिंग कोच कार्ल होपकिंसन अब टीम का हिस्सा नहीं हैं। पांच बार की आईपीएल चैम्पियन टीम ने अगले सत्र से पहले पूरे कोचिंग स्टाफ में बदलाव कर दिया है। मुख्य कोच महेला जयवर्धने की जगह कीरोन पोलार्ड ने ली है। मुंबई इंडियंस ने एक बयान में कहा ,'' मुंबई इंडियंस यह घोषणा करती है कि लसिथ मलिंगा, पारस म्हाम्बे और कार्ल होपकिंसन अब पुरूष टीम के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा नहीं हैं। टीम के लिये उनके योगदान, सेवा और प्रतिबद्धता के लिये हम उन सभी को धन्यवाद देते हैं।'' श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज मलिंगा लंबे समय से मुंबई इंडियंस का हिस्सा रहे हैं। पहले खिलाड़ी के तौर पर और फिर कोच के रूप में। मुंबई इंडियंस ने कहा ,'' लसिथ मलिंगा मुंबई इंडियंस परिवार का अभिन्न अंग रहे हैं।



फर्ग्युसन भारत के खिलाफ आखिरी दो टी20 से बाहर

आकलैंड। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन चोट के कारण भारत के खिलाफ आखिरी दो टी20 मैचों से बाहर हो गए। उनकी जगह मैट फिशर को न्यूजीलैंड टीम में शामिल किया गया है। भारत पहले तीनों मैच जीतकर श्रृंखला अपने नाम कर चुका है। चौथा मैच शुक्रवार को खेला जायेगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में कहा ,'' फर्ग्युसन को दूसरे टी20 के दौरान दाहिनी पिंडली में दर्द हुआ और स्कैन के बाद चोट का पता चला। उसे फिट होने में एक सप्ताह लग सकता है।''तेज गेंदबाज मैट हेनरी भी टी20 श्रृंखला से बाहर है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि उन्हें एक से दो सप्ताह रकवरी में लगेंगे।



आकलैंड में न्यूजीलैंड के साथ चौथा मुकाबला आज

प्रबंधन आठवें नंबर तक बल्लेबाजों की रणनीति पर जोर देता आया

कुलदीप और वरूण को चौथे टी20 में मिल सकता है मौका


नई दिल्ली/संचार जगत

श्रृंखला जीतने के बाद भारतीय टीम अब न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को चौथे टी20 मैच में कुलदीप यादव और वरूण चक्रवर्ती को मौका दे सकती है। दोनों स्पिनरों को पिछले कुछ महीनों में उतने मौके नहीं मिले हैं क्योंकि टीम प्रबंधन आठवें नंबर तक बल्लेबाजों को चुनने की रणनीति पर जोर देता आया है।

अब तक यह रणनीति कारगर भी रही है जिसके दम पर भारत ने तीनों मैच जीते। अगले दो मैचों में अब उतना दबाव नहीं है तो भारत अपने टीम संयोजन में प्रयोग कर सकता है। वरूण का फॉर्म पिछले छह महीने में अच्छा नहीं रहा है लेकिन कुलदीप ने बीच के ओवरों में विकेट चटकाये हैं। उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में दो मैचों में मौका मिला लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन मैचों में बेंच पर ही रहे।

भुवनेश्वर का डैथ ओवरों में रहा अच्छा प्रदर्शन

तेज गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार ने वेलिंगटन में पिछले मैच में डैथ ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया और आखिरी ओवर में लगातार यॉर्कर डाले। पहले तीन मैचों में हालांकि उन्होंने 72 गेंद में 139 रन दे डाले और वह काफी मेहंगे साबित हुए। चार साल बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे भुवनेश्वर को इसमें सुधार करना होगा।





कुलदीप का आत्मविश्वास बनाए रखना होगा

कुलदीप को और बाहर रखने से उनके आत्मविश्वास पर असर हो सकता है लेकिन उन्हें टीम में लाने के लिये निचले क्रम तक बल्लेबाजी की मानसिकता से पार पाना होगा। तीसरे टी20 में दो स्पिनर हरफनमौला अक्षर पटेल और नमन धीर थे जिन्हें गेंदबाजी का भी मौका नहीं मिला। अब तक 115 मैचों में 7 . 70 की इकॉनॉमी से गेंदबाजी करने वाले अक्षर श्रृंखला में 9 . 58 रन प्रति ओवर की दर से रन दे चुके हैं और उन्हें दो ही विकेट मिले हैं।

वैभव को मिल सकता है फिर मौका

पिछले दो मैचों में मयंक यादव की जगह प्रिंस यादव को उतारा गया। अब देखना है कि मयंक को मौका मिलता है या टीम अब तक प्रभावी रहे प्रिंस पर ही भरोसा करती है। ईशान किशन ग्रोइन की चोट के कारण पिछले दो मैच नहीं खेल सके। वह अगर कल भी नहीं खेल पाते हैं तो वैभव सूर्यवंशी को फिर मौका मिल सकता है। वेलिंगटन में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अभिषेक शर्मा की पारी ने सुर्खियां बंटोरी।

कीवी के सामने सबसे बड़ी चुनौती भारतीय बल्लेबाजी

न्यूजीलैंड के लिये सबसे बड़ी चुनौती भारतीय शीर्षक्रम पर अंकुश लगाने की होगी। संजू सैमसन, अभिषेक और सूर्यवंशी ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन कर के न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को परेशान किया है। कप्तान मिचेल सेंटनेर ने बायें हाथ की स्पिन गेंदबाजी से प्रभावित किया लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिल सका। भारत ने वेलिंगटन में पहले छह ओवरों में ही रिकॉर्ड 118 रन बना लिये थे। मैट हेनरी के बाद लॉकी फर्ग्युसन के भी चोट के कारण श्रृंखला से बाहर होने से न्यूजीलैंड टीम को एक और झटका लगा है।

एथलीट आयोग के लिए मीराबाई सिंधू के नामांकन पाए गए वैध



नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एथलीट आयोग के चुनाव के लिए ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और मीराबाई चानू सहित सभी 12 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र बृहस्पतिवार को जांच के बाद वैध पाए गए। चुनाव अधिकारी संजय के श्रीवास्तव ने बृहस्पतिवार को उन उम्मीदवारों की सूची जारी की जिनके नामांकन वैध पाए गए। एथलीट आयोग के 2026-2030 कार्यकाल के लिए 10 सदस्यों (पांच पुरुष और पांच महिला) के चुनाव तीन नवंबर को होंगे। श्रीवास्तव ने 22 अक्टूबर को उन खिलाड़ियों की सूची जारी की थी जिनके नामांकन पत्र हासिल हुए थे। उसमें वही 12 खिलाड़ी शामिल थे। सिंधू और चानू के अलावा जिन अन्य खिलाड़ियों ने नामांकन भरा है उनमें पुरुष और महिला हॉकी के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और सलीमा टेटे, निशानेबाज स्वप्निल कुशारे शामिल है।



- सभी 12 उम्मीदवारों के नामांकन जांच के बाद वैध, पांच साल के लिए चुनाव तीन नवंबर को होगा

सिंधू, चानू पिछले आयोग के रहे सदस्य

इसके अलावा तलवारबाज भवानी देवी, एथलेटिक्स से सुधा सिंह और तजिंदरपाल सिंह, पूर्व तीरंदाज बॉम्बेयला देवी, बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत, तैराक साजन प्रकाश और कयाकिंग और कैनोइंग से मनजीत सिंह शामिल हैं। सिंधू, चानू और भवानी मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम की अध्यक्षता वाले पिछले एथलीट आयोग के भी सदस्य थे।

जोमेल-जोशुआ ने की शानदार गेंदबाजी

मैच दूसरे दिन स्पिनरों ने बांग्लादेश की कराई वापसी

नई दिल्ली/संचार जगत

जोमेल वारिकन और जोशुआ बिशप की शानदार गेंदबाजी से नाटकीय पतन का सामना करने वाले बांग्लादेश को उसके स्पिनरों ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बृहस्पतिवार को यहां पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन वापसी दिलाई।

बांग्लादेश का स्कोर एक समय तीन विकेट पर 231 रन था लेकिन उसने 59 रन के अंदर सात विकेट गंवा दिए और उसकी टीम 272 रन पर आउट हो गई। बाएं हाथ के स्पिनर वारिकन ने 53 रन देकर पांच विकेट जबकि उनके साथी स्पिनर जोशुआ बिशप ने अपने पदार्पण मैच में 61 रन देकर दो विकेट लिए। वेस्टइंडीज ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन इसके बाद बांग्लादेश के स्पिनरों ताइजुल इस्लाम और मेहदी हसन ने उसे लगातार झटके दिए। वेस्टइंडीज ने सात रन के अंदर तीन विकेट गंवाए और जब खराब रोशनी और बारिश के कारण दिन का खेल निर्धारित समय से पहले समाप्त करना पड़ा तब उसने चार विकेट पर 134 रन बनाए थे। वह अभी बांग्लादेश से 138 रन पीछे है। दिन का खेल समाप्त होने के समय तेगनारायण चंद्रपॉल 43 रन और जस्टिन ग्रीव्स 15 रन बनाकर खेल रहे थे। सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल ने 54 रन बनाकर टीम को शानदार शुरुआत दी। तेज गेंदबाज हसन महमूद ने सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग को 15 रन पर आउट कर दिया, लेकिन कैंपबेल और चंद्रपॉल ने दूसरे विकेट के लिए 61 रन जोड़े। यह साझेदारी टूटने के बाद वेस्टइंडीज की पारी लड़खड़ा गई।

- वेस्टइंडीज के बल्लेबाजी में आया नाटकीय पतन

शादमान ने तीसरा टेस्ट शतक पूरा किया

इससे पहले बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 213 के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई। शादमान इस्लाम ने 99 रन से आगे खेलते हुए सुबह की दूसरी गेंद पर अपना तीसरा टेस्ट शतक पूरा किया। वह हालांकि अपनी पारी लंबी नहीं खींच पाए और 105 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद बांग्लादेश की पारी समाप्त होने में ज्यादा समय नहीं लगा।

दिल्ली ने घरेलू महिला टी20 में विश्व रिकॉर्ड बनाया

पुणे। दिल्ली ने बृहस्पतिवार को यहां सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी में हैदराबाद के खिलाफ छह विकेट पर 262 रन बनाकर घरेलू महिला टी20 मैचों में एक पारी में सबसे अधिक स्कोर का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरी दिल्ली की पारी का आकर्षण तनीषा सिंह का शतक रहा। उन्होंने 47 गेंद पर 119 रन बनाए। दिल्ली की टीम ने इसके बाद हैदराबाद को आठ विकेट पर 154 रन ही बनाने दिए और इस तरह से 108 रन से बड़ी जीत हासिल की। दिल्ली में गोवा का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा जिसने 2019-20 में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ दो विकेट पर 257 रन बनाए थे। दिल्ली का स्कोर महिला टी20 में 11वां सबसे बड़ा स्कोर है। शीर्ष 10 स्कोर महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में बने हैं। **तनीषा का महिला टी20 में सबसे तेज शतक :** तनीषा ने 38 गेंद पर शतक पूरा किया जो महिला टी20 में तीसरा सबसे तेज शतक है। उनसे आगे किरण नवगिरे (34 गेंद) और सोफी डिवाइन (36) हैं जबकि डिएंड्रा डॉटिन भी 38 गेंद पर शतक लगा चुकी हैं। तनीषा ने अपनी पारी में 25 चौके और एक छक्का लगाया।

- तनीषा सिंह ने शतक के साथ 47 गेंद पर 119 रन बनाए


सुजीत का 24 मैचों में जीत का क्रम टूटा

सुजीत का विश्व चैंपियन कुश्ती में पदक जीतने का सपना फिर अधूरा

नई दिल्ली/संचार जगत

पिछले एक साल से शानदार प्रदर्शन कर रहे सुजीत कलकल का विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतने का सपना फिर अधूरा रहा और वह पुरूषों के 65 किलो वर्ग के क्वार्टर फाइनल में ताजिकिस्तान के अब्दुल मजीद कुदियेव से हार गए।

पिछले बारह महीने में अंडर 23 विश्व चैम्पियनशिप, 2026 एशियाई चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों समेत सात खिताब जीत चुके सुजीत पिछले साल जगरेब में विश्व चैम्पियनशिप के रेपेशाज दौर के बाद से पहली बार हारे हैं।



एशियाड में सुजीत ने कुदियेव को हराया था

सुजीत ने एशियाई खेलों के फाइनल में इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 2-9 से पिछड़ने के बाद लगातार आठ अंक बनाकर स्वर्ण पदक जीता था। लेकिन उस प्रदर्शन को यहां दोहरा नहीं सके। इसके साथ ही सुशील कुमार (2010) के बाद अपना दूसरा विश्व चैम्पियन देखने की भारत की उम्मीदों पर भी पारी फिर गया।

सक्रिय नहीं होने से सुजीत ने पहला अंक गंवाया : सुजीत ने सक्रिय नहीं होने के कारण पहला अंक गंवा दिया लेकिन पहले पीरियड के खत्म होने से पांच सेकंड पहले कुदियेव को गिराकर 2-1 की बढत बनाई।


सीरीज गंवाने के बाद जागी न्यूजीलैंड की टीम

छोटी छोटी कमियों को दूर करने पर फोकस : जैकब्स

नई दिल्ली/संचार जगत

टीम इंडिया ने 5 मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज में मेजबान न्यूजीलैंड को 3-0 से हरा दिया है। सीरीज के दो मैच बाकी हैं, जिन्हें जीतकर कीवी टीम सम्मान बचाना चाहेगी, लेकिन यह इतना आसान नहीं होने वाला है। सीरीज के बाकी बचे दो मैचों में न्यूजीलैंड का फोकस किस चीज पर होगा?

इसके बारे में टीम के बल्लेबाज बेवोन जैकब्स ने बताया है। टी20 सीरीज पहले ही गंवा चुकी न्यूजीलैंड की टीम के बल्लेबाज बेवोन जैकब्स ने कहा कि मेजबान टीम इस सीरीज के बाकी बचे 2 मैचों में छोटी-छोटी कमियों को दूर करने पर फोकस करेगी। न्यूजीलैंड सीरीज में 0-3 से पीछे है।



सीरीज की स्थिति क्या है, हमें पता है : जैकब्स

जैकब्स ने आगे कहा ,''हमें यह तो पता ही है कि सीरीज में क्या स्थिति है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम अपनी कोशिशों में ढील दे दें। हम पहले 3 मैचों में किए गए अपने प्रदर्शन पर गौर करेंगे और आखिरी दो मैचों में अपना पूरा जोर लगा देंगे।'' न्यूजीलैंड की टीम और भारत की टीम आमना-सामना इस सीरीज से पहले टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में हुआ था, जिसे भी टीम इंडिया ने जीता था।

हमने मौकों का फायदा नहीं उठाया

जैकब्स ने कहा कि न्यूजीलैंड पहले तीनों मैचों में जीत दर्ज कर सकती थी, लेकिन मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रही। उन्होंने बताया, ''यह खेल बहुत छोटे अंतरों का है। सच कहें तो हम मैच जीतने की स्थिति में रहे, लेकिन जीत की रेखा पार नहीं कर पाए। फिर भी जिसने ऐसी पारी खेली हो, उसकी तारीफ तो करनी ही होगी। उसे खेलते हुए देखना वाकई बहुत खास था (अभिषेक शर्मा के शतक की ओर इशारा करते हुए)।''

टॉस को दोष नहीं दे रही न्यूजीलैंड की टीम

बेवोन ने न्यूजीलैंड की हार के लिए टॉस पर दोष नहीं मंढा। उन्होंने कहा, ''टॉस खेल का हिस्सा है। आप टॉस जीतने या हारने की बात कर सकते हैं, लेकिन आखिर में तो मैदान पर प्रदर्शन मायने रखता है।'' जैकब्स ने यह भी कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस के साथ खेलने के अनुभव का उन्हें काफी फायदा मिला। उन्होंने कहा, ''वह अनुभव काफी मायने रखता है। इससे मुझे अलग अलग हालात में खेलने में मदद मिली।''

चक्रवात अर्नब के कहर से ओडिशा और आंध्र प्रदेश में बिगड़े हालात, कई बेघर

ओडिशा के गंजाम में 300 गांव बाढ़ में घिरे, कई ट्रेनें रद्द, प्रभावित इलाकों में फंसे लोगों को हवाई मार्ग से निकाला जा रहा, तटरक्षक बल और हेलिकॉप्टर तैनात

आंध्र प्रदेश और यानम तटों से टकराने के बाद मौसम विज्ञान विभाग ने 48 घंटों को बेहद अहम बताया है। दक्षिण अंडमान सागर में एक और नया निम्न दबाव का क्षेत्र विकसित हो गया है, जिससे समुद्र में एक और मौसमी बवंडर उठने की आशंका गहरा गई है

नई दिल्ली/संचार जगत

चक्रवात अर्नब के कारण ओडिशा और आंध्र प्रदेश में भारी बारिश और बाढ़ से हालात बिगड़ गए हैं। ओडिशा के गंजाम जिले में करीब 300 गांव पानी से घिर गए हैं। राज्य सरकार प्रभावित इलाकों में फंसे लोगों को हवाई मार्ग से निकाला जा रहा है। ओडिशा की मुख्य सचिव अनु गर्ग ने गुरुवार को बताया कि एनडीआरएफ और ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में बचाव अभियान चला रही हैं। लगातार बारिश और बादल नीचे होने के कारण हेलीकॉप्टर से लोगों को निकालने में परेशानी आ सकती है। राज्य सरकार केंद्रीय गृह मंत्रालय के संपर्क में है। पहले चरण में करीब 120 लोगों को हवाई मार्ग से निकालने की योजना बनाई है।

श्रीकाकुलम में रेल सेवाएं प्रभावित

ओडिशा की मुख्य सचिव ने बताया कि भारी बारिश से आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम में रेल सेवाएं प्रभावित हुई हैं। रेलवे पुल पानी में डूब गया है, जिससे दोनों ओर से ट्रेनों की आवाजाही रुक गई है।



ओडिशा में लोगों को सुरक्षित पहुंचाया जा रहा

एक और मौसमी बवंडर उठने की आशंका

गंजाम में ऋषिकुल्या नदी उफान पर

गंजाम जिले के सोरड़ा समेत कई इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। पिछले तीन दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण ऋषिकुल्या नदी उफान पर है। इससे आसपास के कस्बों और गांवों में पानी भर गया है।

फसलों और बागवानी को नुकसान

मुख्यमंत्री ने बताया कि अल नीनो के प्रभाव से रायलसीमा क्षेत्र में मुश्किलें बढ़ रही हैं, जबकि उत्तर आंध्र, तटीय जिलों और गोदावरी नदी क्षेत्र में चक्रवात का असर देखने को मिला है। इन इलाकों में किसानों की खड़ी फसलों और नारियल के पेड़ों को नुकसान पहुंचा है।

माझी ने की शाह से बात, केंद्र ने मदद का दिया भरोसा



ओडिशा के सीएम माझी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बात की और नुकसान की जानकारी दी। शाह ने ओडिशा और अन्य प्रभावित राज्यों को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।

मुख्यमंत्री नायडू ने की समीक्षा

आंध्र प्रदेश में बिजली बहाली और मुआवजे पर जोर



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कलेक्टरों और अधिकारियों के साथ टेलीकॉन्फ्रेंस कर चक्रवात से हुए नुकसान की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि बिजली आपूर्ति बहाल की जाए और नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिया जाए।

पंचायतीराज आम चुनाव के द्वितीय चरण में सरपंच पदों के लिए 928 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में,

जयपुर। पंचायतीराज आम चुनाव के द्वितीय चरण के तहत जयपुर जिले की पांच पंचायत समितियों की 112 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए नाम वापसी के बाद 928 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। सरपंच पद के लिए कुल 1,279 नामांकन पत्र दाखिल किए गए, जिनमें से 1,273 वैध नामांकन पाए गए। नाम वापसी के बाद 345 अभ्यर्थियों ने अपने नाम वापस लिए। किसी भी ग्राम पंचायत में सरपंच पद पर निर्विरोध निर्वाचन नहीं हुआ है।

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने बताया कि पंचायत समिति-वार स्थिति के अनुसार अमरसर की 22 ग्राम पंचायतों में 167, आमेर की 25 ग्राम पंचायतों में 209, जालसू की 25 ग्राम पंचायतों में 210, रामपुरा डाबड़ी की 21 ग्राम पंचायतों में 187 तथा शाहपुरा की 19 ग्राम पंचायतों में 155 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि नामांकन संबंधी आंकड़ों के अनुसार अमरसर में 252 नामांकन पत्र दाखिल हुए, जिनमें से 250 वैध रहे तथा 83 अभ्यर्थियों ने नाम वापस लिए। आमेर में 298 नामांकन पत्र दाखिल हुए, 295 वैध पाए गए तथा 86 अभ्यर्थियों ने नाम वापस लिए। जालसू में 279 नामांकन पत्र दाखिल हुए और सभी वैध रहे, जबकि 69 अभ्यर्थियों ने नाम वापस लिए।

दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण और पटाखों पर रोक पर बोला सुप्रीम कोर्ट

पटाखों पर पूरी तरह से रोक नहीं लगेगी प्रदूषण रोकें और 'नामी' लोगों की मदद लें

त्योहार के दौरान नियमों का पालन हो और प्रदूषण पर भी काबू रखा जाए

नई दिल्ली/संचार जगत

दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण और पटाखों पर रोक को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह पटाखों पर पूरी तरह रोक लगाने के पक्ष में नहीं है। कोर्ट ने साफ किया कि लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाना उसका मकसद नहीं है। साथ ही, कोर्ट ने पटाखों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए नियमों पर सख्ती से अमल करने की जरूरत बताई।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिवाली का त्योहार सकारात्मक माहौल बनाता है। ऐसे में जरूरी है कि त्योहार के दौरान नियमों का पालन कराया जाए और प्रदूषण पर भी काबू रखा जाए। कोर्ट ने अधिकारियों से दिवाली के दो दिनों के दौरान खास सतर्कता बरतने को कहा। कोर्ट ने दिल्ली सरकार से पूछा कि प्रदूषण के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए विराट कोहली जैसे मशहूर लोगों की मदद क्यों नहीं ली जाती? हर व्यक्ति की सोच और व्यवहार को बदलना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। लोगों की आदतें बदलने में समय लगेगा। इसलिए जागरूकता के साथ-साथ नियमों को सख्ती से लागू करना भी जरूरी है। कोर्ट ने समस्या से निपटने पर जोर दिया।



नियमों के पालन पर रहेगा जोर

सुनवाई में यह बात सामने आई कि प्रदूषण से निपटने के लिए सिर्फ पाबंदियां लगाना काफी नहीं है। लोगों को जागरूक करने के साथ यह भी जरूरी है कि अधिकारी नियमों का सही तरीके से पालन कराएं। कोर्ट ने दिवाली के दौरान विशेष निगरानी रखने और प्रदूषण कम करने के लिए किए जा रहे उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर रहेगा।

दिल्ली सरकार ने बताई प्रदूषण से निपटने की तैयारियां

दिल्ली सरकार की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कोर्ट को बताया कि प्रदूषण के मौसम से निपटने के लिए सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। दिल्ली के बाहर से आने वाले बीएस-6 मानक से नीचे के वाहनों को राजधानी में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। ट्रैफिक कम करने के लिए सरकारी दफ्तरों के समय में बदलाव किया गया है। निर्माण स्थलों के पास एंटी-स्मॉग गन लगाई गई हैं। दिल्ली में 608 एंटी-स्मॉग गन लगाई जा चुकी हैं। सालाना प्रदूषण नियंत्रण योजना और कंट्रोल सेंटर भी काम कर रहे हैं।

अदालत का सरकार से सवाल

ई100 से चलने वाले वाहनों को ईंधन की आपूर्ति कैसे की जाएगी?

उच्चतम न्यायालय ने सरकार से यह सवाल पूछा कि 100 प्रतिशत एथनॉल वाले ईंधन से चलने वाले वाहनों के लिए ईंधन की आपूर्ति किस तरह सुनिश्चित की जाएगी। केंद्र सरकार ने इसी सप्ताह फ्लेक्स फ्यूल वाहन में ई100 ईंधन के इस्तेमाल की अनुमति देने के लिए नियमों में संशोधन किया। पेट्रोल में एथनॉल का मिश्रण तत्काल 20 प्रतिशत से आगे बढ़ाने की उसकी कोई योजना नहीं है।



शेयर बाजार में पारदर्शिता पर की टिप्पणी

नहीं दे सकते निर्देश, मोइत्रा की याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने ग टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से जुड़ी एक याचिका का निपटारा कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सेबी को वैकल्पिक निवेश फंड, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों और उनके मध्यस्थों के वास्तविक लाभार्थी मालिकों तथा निवेश पोर्टफोलियो की पूरी जानकारी सार्वजनिक करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया।



मोइत्रा से कहा- संसद में चर्चा करतीं

पीठ ने शुरुआत में मोइत्रा के याचिका दायर करने पर सवाल उठाया। अदालत ने कहा कि वह यह मुद्दा संसद में उठा सकती थीं और इस पर चर्चा की मांग कर सकती थीं। किसी मौजूदा कानूनी व्यवस्था के बिना परमादेश जारी नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि अगर कोई कानूनी व्यवस्था होती और सेबी उसका पालन नहीं कर रहा होता, तो अदालत अनुपालन का निर्देश दे सकती थी।

अटॉर्नी जनरल बोले- विनिर्माण व्यवस्था में बदलाव करने होंगे

इस पर अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि इसके लिए बड़े पैमाने पर विनिर्माण व्यवस्था में बदलाव करने होंगे। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 26 अक्टूबर को केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में संशोधन अधिसूचित किया था। इसके तहत ई100 यानी लगभग शुद्ध एथनॉल से चलने वाले वाहनों को भी नियमों में शामिल किया गया है। इससे पहले ई85 जैसे अधिक एथनॉल मिश्रण वाले ईंधन से चलने वाले वाहनों का प्रावधान था।



राहुल बोले महारैली में शामिल हों

आप लाठियों से मत डरिए भाजपा हिम्मत नहीं करेगी




नई दिल्ली/संचार जगत

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को देशभर के छात्रों से इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की। यह प्रदर्शन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग को लेकर किया जाएगा।

राहुल ने छात्रों से कहा कि वे पुलिस और लाठियों से न डरें। उन्होंने दावा किया कि भाजपा में इस तरह की कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं होगी। राहुल ने वीडियो संदेश साझा करते हुए लिखा, पुलिस की चिंता मत कीजिए, लाठियों से मत डरिए। भाजपा में इस तरह की हरकत करने की हिम्मत नहीं होगी। राहुल एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाले 'चलो दिल्ली रामलीला मार्च' का नेतृत्व करेंगे।

'वोट चोरी' के खिलाफ अभियान जारी रहेगा

भाजपा संसद भंग करके मतपत्रों से चुनाव का सामना करेः खरगे



बेंगलुरू। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बेंगलुरु में कहा कि कथित 'वोट चोरी' के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन जारी रहेंगे। उन्होंने भाजपा को चुनौती दी कि यदि उसे अपने चुनावी प्रदर्शन पर भरोसा है, तो वह संसद भंग करके मतपत्रों के जरिए चुनाव का सामना करे। कांग्रेस ने 'वोट चोरी' के खिलाफ एक नवंबर को दिल्ली में विशाल रैली करने की घोषणा की है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मतदाता सूचियों से बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। पार्टी का दावा है कि इससे विशेष रूप से अल्पसंख्यक तथा आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग प्रभावित हुए हैं। कुमार ने निर्वाचन आयोग में गड़बड़ी की है।

'वोट का अधिकार खतरे में, हम चुप नहीं रहेंगे



पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और टीएमसी नेता ममता बेनर्जी ने मतदाता सूची में बदलाव और वोटों में कथित गड़बड़ी के खिलाफ विपक्षी दलों से एकजुट होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जब लोगों के वोट देने के अधिकार पर खतरा हो, तब चुप नहीं रहा जा सकता। आईएनडीआईए ने एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली बुलाई है। इस रैली का मुख्य मुद्दा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवाल हैं।

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने घुसपैठियों को दी चेतावनी

उत्तर दिनाजपुर में बोले मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी

जेल का चावल नहीं खिलाऊंगा, जहां से आए उसी रास्ते से वापस भेजूंगा

नई दिल्ली/संचार जगत

पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने घुसपैठ के मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए चेतावनी दी है। सुपेंदु ने कहा कि जिस रास्ते से बांग्लादेश से आए हो, उसी रास्ते से वापस भेजूंगा। जेल में रखकर जेल का चावल नहीं खिलाऊंगा। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को वापस भेजने से पहले होल्डिंग स्टेशन में रखा जाएगा। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सुवेंदु ने यह बात कही।



बंगाल की स्कूलों की किताबों में बदलाव

'पानी' की जगह 'जल', 'अब्बा' की जगह 'बाबा'

पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई जाने वाली बांग्ला भाषा की किताबों में जल्द बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। सीएम सुवेंदुअधिकारी की सरकार की ओर से गठित पाठ्यक्रम समीक्षा समिति ने किताबों में इस्तेमाल होने वाले कुछ शब्दों को बदलने, इतिहास के पाठ्यक्रम में संशोधन करने की सिफारिश की है। बांग्ला की किताबों में 'पानी' की जगह 'जल' और 'अब्बा' की जगह 'बाबा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके साथ ही हिंदू राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन को पाठ्यक्रम में शामिल करने और मुगल शासन तथा मार्क्सवादी विचारधारा से जुड़े कुछ हिस्सों को कम करने का फैसला किया गया है। कल्याणी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर देबाशीष चटर्जी इस पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तक समीक्षा समिति के प्रमुख हैं।

श्रम मंत्रालय ने अनुरोधों की समीक्षा के बाद लिया फैसला

ईएसआईसी न्यू एमनेस्टी स्कीम 2026 तक बढ़ाई

नियोक्ताओं-बीमा के लाभुकों को मिलेगी राहत

नई दिल्ली/संचार जगत

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने न्यू एमनेस्टी स्कीम, 2025 को तीन महीने के लिए बढ़ा दिया है। यह स्कीम अब 31 दिसंबर, 2026 तक लागू रहेगी। श्रम मंत्रालय के एक बयान में यह जानकारी दी गई है। इस विस्तार से नियोक्ताओं और बीमाकृत व्यक्तियों को अपने लंबित मामलों को निपटाने के लिए अधिक समय मिलेगा।विभिन्न हितधारकों से मिले अनुरोधों की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया है। न्यू एमनेस्टी स्कीम, 2025 मूल रूप से 1 अक्टूबर, 2025 से 30 सितंबर, 2026 तक चलनी थी। अब इसे 1 अक्बटूर, 2026 से 31 दिसंबर, 2026 तक तीन महीने के लिए और बढ़ा दिया गया है। यह विस्तार मौजूदा नियमों और शर्तों पर ही लागू होगा। यह एक बार की विवाद समाधान पहल है। इसका मुख्य उद्देश्य अदालती मामलों के लंबित बोझ को कम करना है। साथ ही, पूर्ववर्ती ईएसआई अधिनियम के तहत अनुपालन को बढ़ावा देना भी इसका लक्ष्य है।

क्या है न्यू एमनेस्टी स्कीम?

यह स्कीम नियोक्ताओं को ईएसआईसी के साथ अपने कानूनी विवादों को सुलझाने के लिए एक संरचित तंत्र प्रदान करती है। इसके तहत अदालत के बाहर समझौता करने का अवसर मिलता है। स्कीम तदर्थ आकलन के निपटान की अनुमति देती है। इसमें नियोक्ता वास्तविक योगदान और ब्याज का भुगतान कर सकते हैं। इस प्रक्रिया में कोई जुर्माना नहीं लगाया जाता है।



किन मामलों में मिलेगी राहत?

जिन मामलों में नियोक्ताओं ने पहले ही बकाया का भुगतान कर दिया है, उन्हें भी वापस लिया जा सकता है। विवादित जुर्माने का 10 फीसदी भुगतान करना होगा। ईएसआईसी द्वारा रिकॉर्ड जमा न करने या विलंबित भुगतान के लिएमामले भी वापस लिए जा सकते हैं। यदि बाद में अनुपालन किया गया हो, तो इन्हें वापस लिया जा सकता है। 31 मार्च, 2025 तक दायर किए गए अदालती मामले इस स्कीम के तहत पात्र हैं।

इस विस्तार से क्या लाभ होगा?

इस विस्तार से पात्र नियोक्ताओं और बीमाकृत व्यक्तियों को स्कीम के लाभ उठाने अतिरिक्त समय मिलेगा। न्यू एमनेस्टी स्कीम, 2025 विवाद समाधान का व्यावहारिक और नियोक्ता-अनुकूल मार्ग है। यह सरकार के व्यापक लक्ष्य का समर्थन करती है। इसका उद्देश्य कारोबार करने में सुगमता बढ़ाना है। यह ईएसआईसी द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले नागरिकों के अधिकारों को भी बनाए रखती है।

निर्विरोध सरपंच बनने के बाद पहली बार सांचौर पहुंचे शेर खान बलोच, हुआ भव्य स्वागत

संचार जगत

सांचौर। ग्राम पंचायत सालरिया के नवनिर्वाचित निर्विरोध सरपंच शेर खान बलोच के पहली बार सांचौर पहुंचने पर होटल चंद्रा हरि पैलेस में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान युवा साथियों एवं गणमान्य लोगों ने उनका अभिनंदन करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। स्वागत कार्यक्रम के दौरान शेर खान बलोच ने उपस्थित लोगों और



युवाओं के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम में युवाओं की अच्छी भागीदारी देखने को मिली। इस दौरान आपसी संवाद के साथ क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम में गंगाराम पूनिया, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष विकास मांजू, गोविंद पूनिया, भजन डूडी, विक्रम पूनिया, राजेश बिश्नोई, रमेश बिश्नोई, विकास पूनिया और शिवजी सारण सहित कई युवा साथी मौजूद रहे।

निर्विरोध सरपंच बनने के बाद शेर खान बलोच का यह पहला सांचौर दौरा रहा। होटल चंद्रा हरि पैलेस में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनका स्वागत कर नई जिम्मेदारी के सफल निर्वहन की कामना की।

पंच गौरव के तहत बालिका कबड्डी लीग में झोटवाड़ा का दबदबा बरकरार

जयपुर। राजस्थान सरकार के पंच गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत चौगान स्टेडियम, जयपुर में आयोजित जिला स्तरीय जयपुर बालिका कबड्डी लीग के दूसरे दिन भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। कक्षा 10वीं से 12वीं तक की छात्राओं ने मैदान पर दमखम, खेल कौशल और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में झोटवाड़ा टीम ने विजेता तथा चाकसू टीम ने उपविजेता का स्थान हासिल किया।

आईपीओ के नियम बदलने की तैयारी, विदेशी निवेशकों की एंट्री 5 दिन में?

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों और कंपनियों के लिए नियमों में बदलाव की तैयारी है। बाजार नियामक सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने कहा कि सेबी मेनबोर्ड आईपीओ और फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) के नियमों की समीक्षा कर रहा है। इसके अलावा, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के रजिस्ट्रेशन में लगने वाला समय घटाकर पांच कारोबारी दिन तक लाने का लक्ष्य है। पांडे ने कहा कि सेबी ऐसे सिस्टम पर भी काम कर रहा है, जिसमें थर्ड-पार्टी एजेंसियां जांचेंगी कि आईपीओ से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी ने बताए गए उद्देश्य के मुताबिक किया है या नहीं। उन्होंने बिना आर्थिक गतिविधियों वाली कुछ लिस्टेड कंपनियों को बाजार के लिए जोखिम बताते हुए ऐसी कंपनियों को हटाने की बात भी कही।

शेयर बाजार की असली परीक्षा

सेबी चेयरमैन ने कहा कि भारतीय पूंजी बाजार की असली परीक्षा ये है कि वो देश की इकोनॉमी को कितन प्रभावी तरीके से पूंजी उपलब्ध कराते हैं। बाजार का काम सिर्फ शेयरों की खरीद-बिक्री तक सीमित नहीं है, बल्कि बचत करने वालों की पूंजी को उन कारोबारों तक पहुंचाना भी है, जिन्हें विकास के लिए पैसे की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारतीय परिवार अब देश के पूंजी बाजार के लिए फंड का अहम स्रोत बनते जा रहे हैं। बैंक अब भी जरूरी हैं, लेकिन कंपनियों को इक्विटी, कॉरपोरेट बांड और दूसरे निवेश माध्यमों से भी पूंजी मिलती है।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।